महिला अध्ययन केन्द्र ,मथुरा के अंतर्गत ग्राम शहजादपुर पौरी मथुरा मे महिलायों के लिये चिकित्सा संबंधी विस्तार गतिविधियों का आयोजन किया

उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल पशु चिकित्सालय विज्ञान विश्वविधालय मथुरा व्दारा महिला अध्ययन केन्द्र के अंतर्गत ग्राम शहजादपुर पौरी मथुरा मे महिलायों के लिये चिकित्सा संबंधी विस्तार गतिविधियों का आयोजन किया ।

विश्वविधालय व्दारा आयोजित कार्यक्रम मे सामुदायिक अस्पताल , फरह से सहयोग प्राप्त करते हुये महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया । इस कार्यक्रम मे विश्वविधालय से मुख्य संमन्वयक डा. सजीव कुमार सिंह , कार्य समन्वयक डा. रश्मि सिंह , डा. अम्बिका शर्मा , डा. पारूल , डा. रजनीश सिरोही , श्रीमती अर्चना , श्री गोविन्द सिंह भंडारी एंव फार्मासिस्ट श्री कासिम ने भाग लिया ।

महिलायों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक हॉस्पिटल फरह के मेडिकल सुप्रीम सुपरिनटेनडेंट डा. रामबीर सिंह , डा. अंजनी शर्मा , डा. मनीष गौड , एंव डा. संजीव नागर व्दारा किया गया । कार्यक्रम मे महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी विषयों जैसे रक्त की कमी स्तन कैंसर, सर्वाईकल कैंसर , सुरक्षित मातत्व एंव प्रसव की जानकारी दी गई । स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जाग्रत के उद्देश्य से 6 माह से लेकर 10 वर्ष की आयु वाले बच्चो एंव किशोर लडकियों की स्वास्थ्य स्पर्धा कराई गयी तथा उन्हे परितोष वितरण किया गया ।

घर की महिलाओं से ही घर का स्वास्थ्य है को द्रष्टिगत रखते हुये महिलाओं को पुष्टाहार संबंधी जानकारी दी गयी । पनीर की सब्जी बनाने की विधि पर स्पर्धा करवायी गयी तथा पुष्टाहार वितरण किया गया । महिलाओं को स्वंय सहायता समूहों की जानकारी उपलब्ध कराई गयी ।

कार्यक्रम के अन्त मे महिलाओं व्दारा विश्वविधालय से डेरी पालन, बकरी पालन का प्रशिक्षण देने का अनुरोध किया , साथ ही पशुओ की मशीनों से जाँच कराये जाने हेतु प्रति माह पशुचिकित्सा कैंप लगाने का महिलाओं व्दारा अनुरोध किया गया । कार्यक्रम मे गाँव के लोगों मे वीरपाल सिंह , नरेश , उत्तम , अनिल मिश्रा उर्फ गौरी शंकर ने भी भाग लिया एंव आँगनबाडी और आशा कार्यकताओ ने भी भाग लिया ।

महिला अध्ययन केंद्र, दुवासू ,मथुरा

जुलाई माह की गतिविधियों की एक झलक

विश्व जनसंख्या दिवस एवं चिकित्सक दिवस पर शहजादपुर गाँव में विभिन्न स्पर्धा की तैयारी करती महिला अध्ययन केंद्र, दुवासू की टीम

विश्वविधालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे सामुदायिक अस्पताल, फरह के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक कराया गया



किशोरियों की स्वास्थ्य स्पर्धा

पोषणयुक्त आहार बनाने का उल्लेख एवं स्पर्धा